17. इस साल के दौरान स्पेस टैक्नोलाजी और सचार में काफी तरक्की हुई है। भारत में बने तीन सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजे गये। रोहिणी को हमारे अपने सैटेलाइट भेजने के यान ने आकाश में भेजा। इसके अलावा तजुर्बे के तौर पर संचार सैटेलाइट 'एपल' और धरती की निरख-परख करने वाला सैटेलाइट 'भास्कर-2' भी भेजे गये। नवम्बर, 1981 में जब इन्टेलसेट IV की मदद से जम्मू और काश्मीर में लेह, मिजोरम में ऐजोल, अन्डमान और निकोबार में पोर्ट ब्लेयर और कार निकोबार तथा लक्षद्वीप में कवरटटी जैसे दूरदराज के इलाकों के साथ सैटेलाइट के जरिये सम्बन्ध कायम किया गया तब भारत संचार के कुछ उन देशों में से एक ऐसा देश बन गया जिसके पास देश के अन्दर संचार के लिए सैनेलाइट है। रूस के साथ एक ट्रोपोस्कैटर संचार सम्पर्क, श्रीलंका के साथ समुद्री तार और बांग्लादेश के साथ माइक्रोवेव सम्पर्क कायम किया गया है। इस दिशा में हमारा अगला बड़ा कदम 'इन्सेट' नामक के एक इंडियन नेशनल सैटेलाइट को अप्रैल, 1982 में छोड़ा जाना है। इस सैटेलाइट का इस्तेमाल मौसम-विज्ञान, सचार और रेडियो तथा दूरदर्शन के लिये किया जायेगा। माइक्रोवेव भारत के मद्रास, बगलौर, बम्बई, दिल्ली जैसे बड़े-बड़े नगरों के बीच पहले ही कायम हो चुका है। इस वेव के जरिये दूरदर्शन कार्यक्रम भी देखे जा सकेंगे। दिल्ली और कलकत्ता तथा दिल्ली, श्रीनगर के बीच सम्पर्क का काम जून, 1982 तक पूरा हो जायेगा और शहरों तथा देहातों के बहुत से इलाकों में सैटेलाइट और माइक्रोवेव सिस्टम चालू हो जायेगा।

18. इस साल केबिनेट की साईन्स सलाहकार कमेटी बनाई गई है। साईन्स और टैक्नोलाजी के दायरे में बेरोजगारी को कम करने के लिए सरकार एक साइंस एण्ड टैक्नोलाजी एण्टरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट बोर्ड कायम कर रही है। इसके अलावा कुछ दूसरे बड़े कदम उठाये गये हैं। उनमें एडीशनल सोर्स आफ एनर्जी के लिए एक कमीशन का कायम किया जाना भी है। वह समूचे देश में बड़े पैमाने पर खोज और तरक्की तथा प्रदर्शन के बहुत से कार्यक्रम शुरू कर चुका है। एक और बड़े फैसले के मुताबिक एक कौमी बायोटैक्नोलाजी बोर्ड कायम किया जायेगा जो बायोटैक्नोलाजी के काम में तालमेल रखेगा जो खेती, चिकित्सा और औद्योगिक क्षेत्र में महत्व रखती है। साथ ही दिल्ली में इम्यूनोलाजी के लिये एक राष्ट्रीय संस्था और अहमदाबाद में एक प्लाजमा फिजिक्स प्रोग्राम कायम किया गया है।

19. वायुमंडल से संबंध रखने वाले विभाग ने हमारे चारों ओर के पेड़, पौधों वगैरह को बचाने के लिए प्रोग्राम शुरू किये हैं। इसने एक नैशनल इको-डवेलपमेंट बोर्ड भी कायम किया है। विभाग ने ऐसे कुछ तरीके ईजाद किये हैं ताकि यह जायजा लिया जा सके कि बड़े-बड़े

प्रोजेक्टों का हमारे चारों तरफ के हवा-पानी वगैरह पर क्या असर पड़ता है और इस बात की निगरानी की जा सके कि ऐसे प्रोजेक्टों में हवा-पानी वगैरह की हिफाजत का काम चल रहा है या नहीं।

20. जुलाई, 1981 में कायम किये गये समन्दरों की तरक्की से संबंधित विभाग, समन्दरों की तरक्की के लिये जाने वाले वक्त को ध्यान में रखकर एक योजना तैयार कर रहा है। इसने दक्षिणी ध्रुव के लिये एक वैज्ञानिक अभियान दल भेजा है जो दो महीने से ज्यादा के कामयाब समन्दरी सफर के बाद इसके नेता वापस आ चुके हैं और दूसरे लोग जल्दी ही वापस लौट रहे हैं। इस दल के काम में मौसम विज्ञान, ग्लेश्योलाजी और समुद्र-विज्ञान के दायरे में वैज्ञानिक जांच का बहुत-सा काम शामिल है।

21. अब मैं कानून और व्यवस्था से संबंध रखने वाले कुछ मसलों को लूंगा। फिर्कावाराना हितों द्वारा फैलाये गये आन्दोलन में कौम की ताकत जाया नहीं की जानी चाहिए। आगे बढ़ने के लिये इसके सिवाय और कोई सूरत नहीं है। कुछ जगहों पर शैडयूल्ड कास्ट के लोगों पर जो जुल्म ढाये गये हैं उनसे सरकार दुःखी है। उसने इस बात का बीड़ा उठा लिया है कि सभी तबकों के लोग हिफाजत और इज्जत के साथ रहें। जो लोग कसूरवार पाये जायेंगे, उनके साथ सख्ती से निबटा जायेगा। इन वर्गों के सामने जो मसले हैं, वे देश के बड़े समाजी-माली समस्याओं से अलग नहीं हैं। फिर्कापरस्ती और जातिवाद में यकीन रखने वाली उन ताकतों के खिलाफ लड़ने के लिए जनता का पूरा-पूरा सहयोग जरूरी है जो अक्सर समाज विरोधी लोगों के साथ साँठ-गांठ रखती हैं। अनुसूचित जातियों और जन जातियों तथा कमजोर तबकों के मिले-जुले समाजी-माली विकास के प्रोग्रामों को तेज कर दिया गया है। उनके लिए पहले से कहीं ज्यादा रुपये-पैसे का इंतजाम किया गया है। इन प्रोग्रामों को अमल में लाने के तरीके पर पैनी निगाह रखी जायेगी।

22. आसाम में विदेशियों के मसले का उचित और संतोषजनक हल खोजने की अपनी सच्ची कोशिशों के हिस्से के रूप में सरकार ने आन्दोलन करने वाले संगठनों के नुमाइन्दों और सियासी पार्टियों के नेताओं से कई बार बातचीत की। ये कोशिशें जारी हैं।

23. दुनिया में मुल्कों के आपसी रिश्ते बिगड़ते जा रहे हैं। हमारे चारों तरफ फौजी जमाव की मौजूदगी बढ़ती जा रही है। वह एक ऐसा खतरा है जिसकी वजह से हम सबको अपने मन में यह पक्का निश्चय कर लेना चाहिए कि हम गुटों से अलग रहते हुए मतभेदों को शांति के साथ निपटाते हुए कौम की हिफाजत और उसके हितों की रक्षा करेंगे। हम हृदय से यह आशा करते हैं कि बड़ी-बड़ी फौजी ताकतें इस बात का एहसास करेंगी कि लड़ाई-झगड़ा बेकार होता है और वे विकास और भलाई के साधनों को हथियार बनाने के काम में नहीं लायेंगी और इससे परे रहेंगी। अफसोस की बात है कि दूसरे मुल्कों की समर नीति की वजह से हम पर फालतू बोझ पड़े। हम चैन से बैठने की हालत में नहीं हैं। मुल्क को हर वक्त तैयार रखने और बाहरी चुनौतियों का सामना करने के लिये उससे भारी कुर्बानियां करने के लिये कहना ही पड़ेगा।

24. अपने नजदीक के पड़ौसी के साथ और ज्यादा आपसी विश्वास और नजदीकी दोस्ती के संबंध रखने की हमारी कोशिश जारी रही हैं। मैं अभी श्रीलंका की उपयोगी यात्रा से लौटा

हूं। इससे पहले, मैं नेपाल और इन्डोनेशिया भी गया था। भूटान नरेश जल्दी ही हमारे यहाँ आने वाले हैं। हमारे विदेश मन्त्री बर्मा, वियतनाम और थाईलैंड हो आये हैं। बांग्लादेश के साथ हमारा कई बार विचारों का लाभप्रद आदान-प्रदान हुआ है। चीन के साथ संबंधों में सुधार करने के लिए और कदम उठाये गये हैं। इस वर्ष के दौरान चीन के विदेश मन्त्री की यात्रा के बाद सीमा और राज्य क्षेत्र के प्रश्न व दूसरे मुल्कों से और दोनों मुल्कों से संबन्ध रखने वाले मुद्दों पर बातचीत करने के लिए एक सरकारी डैलीगेशन बेजिंग गया था। जहाँ तक पाकिस्तान का सम्बन्ध है, ससद को इस बात की जानकारी है कि पाकिस्तान द्वारा बहुत ही नये किस्म के हथियार हासिल करने के फैसले और उसके न्यूक्लियर प्रोग्राम के बारे में लगातार जो अन्तर्राष्ट्रीय समाचार मिल रहे हैं, उनसे समूचा देश चिंता में पड़ गया है। बढ़िया किस्म के विमान प्राप्त करने के अपने इरादे का एलान करते हुए पाकिस्तान ने हमको सूचना दी कि वह जंग न करने का समझौता करने की इच्छा रखता है। यह एक ऐसा सुझाव है जिसे हम पिछले वर्षों में कई बार कई तरह से उसके सामने रख चुके हैं। दिसम्बर 1981 में हमने पाकिस्तान के सामने उन उसूलों की एक रूपरेखा रखी जिनके आधार पर इस उद्देश्य की प्राप्ती के लिए बातचीत की जा सकती है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री की हाल की यात्रा के दौरान इस बातचीत को आगे बढ़ाया गया। हमने अमन और दोस्ती की अपनी इच्छा को दोहराया और साथ ही अपना यह निश्चय व्यक्त किया कि मुद्दों को दोनों देशों के बीच बातचीत से तय किया जाना चाहिये। हमें खुशी है कि पाकिस्तान ने हमारे दोनों देशों के आपसी सम्बन्धों के समूचे दायरे की जांच करने, उनको नया बनाने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों का एक कमीशन बनाने का हमारा प्रस्ताव मंजूर कर लिया है।

25. हमारे महाद्वीप में दूसरी जगह तनाव बना हुआ है। अफगानिस्तान का मसला और ईरान-ईराक के बीच झगड़ा अभी तय नहीं हुआ है। फिलिस्तीन की जनता के अधिकारों में बाधा चली आ रही है। हिन्द महासागर शान्ति का क्षेत्र बनने से अभी कोसों दूर है।

26. कुछ आशा के संकेत भी हैं जैसे पिछले वर्ष नई दिल्ली में हुए गुटों से बाहर के देशों के विदेश मंत्रियों की कान्फ्रेन्स के बाद गुटों से अलग रहने के अन्दोलन में नया जोश, राष्ट्रों के बीच सहयोग को और बढ़ावा देने के बारे में कामनवैल्थ मुल्कों की पहल, बरक्कीयापता और तरक्की कर रहे मुल्कों के बीच बातचीत की कोशिशों की शुरूआत जो चाहे कितनी ही छोटी क्यों न हो। प्रधान मन्त्री ने मेलबोर्न में कामनवैल्थ देशों की सरकारों के अध्यक्षों की बैठक में और कानकुन, मैक्सिको में सहयोग और तरक्की की इन्टरनेशनल कान्फ्रेंस में हिस्सा लिया। साल के दौरान आस्ट्रेलिया, बुल्गारिया, फिजी, फ्रांस इटली, कुवैत, केन्या, इन्डोनेशिया, फिलिपीन्स, रूमानिया, सैशल्स स्विट्जरलैंड, टोंगा और युनाइटेड अरब अमीरात की यात्रा से उन देशों के साथ दोस्ती और मजबूत हुई है। मेरे पिछले भाषण के बाद केन्या फैडरल रिपब्लिक आफ जर्मनी, गिनी, तंजानिया, ब्रिटेन, बाहरीन पी. डी. आर. यमन, जिम्बाबवे, नारू, आस्ट्रेलिया मेडागास्कर, बोतस्वाना, घाना, वेनेजुएला, उगांडा, स्पेन और स्वीडन की सरकारों या राष्ट्रों के प्रमुखों ने हमारे देश की यात्रा की है जो सबकी सब उपयोगी रही हैं। हम अगले हफ्ते प्रेसीडेन्ट नायरेरे की यात्रा और कुछ विकासशील देशों की कान्फ्रेन्स का इन्तजार कर रहे हैं। विकासशील देशों के बीच और ज्यादा सहयोग आपस में फायदेमन्द है और आगे बढ़े हुए देशों के साथ व्यवहार में उन्हें सामूहिक रूप से शक्ति मिलती है।

27. मौजूदा सत्र में बकाया काम को पूरा करने के अलावा विचार के लिए आपके सामने बहुत से विधान संबंधी नये बिल आयेंगे। उनमें यह भी शामिल होंगे—

दि लैंड एक्वीजीशन (अमेंडमेंट) बिल, 1982, और इलाहाबाद और हल्दिया के बीच गंगा को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित करने के लिए नेशनल वाटरवे बिल, 1982।

28. माननीय सदस्यगण, दुनिया एक बड़ी ही कठिन घड़ी से गुजर रही है। हमारे अपने भी मसले कोई कम नहीं हैं। समारी खुशकिस्मती है कि हमारा एक ऐसा राष्ट्र है जिसके सामने एक भरपूर उद्देश्य है। हमारी जनता ने भी दिखा दिया है कि वह असीम धीरज से चुनौतियों का मिलकर, एकजुट होकर मुकाबला कर सकती है। जिस प्रजातंत्र में राय जाहिर करने और संगठन बनाने की आजादी की गारन्टी दी गई हो, उसमें शियासी मतभेद तो होंगे ही। लेकिन, मतभेद को फूट की भोंडी शक्ल अख्तियार नहीं करनी चाहिए। मुल्क की भलाई एक ऐसा मकसद है, है, जिसके लिए आपसी झगड़ों को भुलाकर हमें मिलकर काम करने की सीख लेनी चाहिए। हमारे पास इतनी शक्ति और साधन हैं कि हम तेजी से आगे बढ़ सकते हैं। छठे पलान के पहले दो साल ऐसे साल है, जिसमें चीजों को पक्की तौर पर जमाने की कोशिश की गई है। आइये, इस ताकत का इस्तेमाल हम प्लान के अगले तीन वर्षों को ऐसे बरस बनाने के लिए करें जिनमें हमारे कदम आगे ही आगे बढ़ते रहें।

---

## निधन संबंधी उल्लेख

**अध्यक्ष महोदय** : माननीय सदस्यगण, हम लगभग दो महीने के अन्तराल के बाद मिल रहे हैं। मुझे सभा को सूचित करते हुए दुःख हो रहा है कि इस सभा के विद्यमान सदस्यों, सर्वश्री ज्योतिर्मय बसु, मुन्दर शर्मा और मोहन लाल सुखाडिया तथा भूतपूर्व सदस्यों सर्वश्री सुमन प्रसाद पी. काक्कन, एस. सी. वेसरा, जय सुखलाल हाथी का निधन हो गया है।

श्री ज्योतिर्मय बसु पश्चिम बंगाल के डायमन्ड हार्बर निर्वाचन-क्षेत्र से निर्वाचित इस सभा के विद्यमान सदस्य थे जिनका 12 जनवरी 1982 को दिल का भारी दौरा पड़ने से जयपुर में निधन हो गया। जहाँ वह रेलवे अभि समय समिति की बैठक में भाग लेने गये थे। वह 61 वर्ष के थे।

श्री बसु सर्वप्रथम 1967 में संसद सदस्य चुने गये। वह चौथी, पांचवीं और छठी संसद के 1967-79 के दौरान सदस्य थे। वह 1973-75 के दौरान लोक लेखा समिति के तथा 1977-79 के दौरान सरकारी उपक्रमों सम्बन्धी समिति के सभापति रहे। निधन के समय वह नियम समिति कार्य-मन्त्रणा समिति तथा आवास समिति के तथा संसद की रेलवे अभिसमय समिति के भी सदस्य थे।

श्री बसु भारत-रूस मैत्री संघ के प्रधान तथा बहुत से श्रमिक सगठनों के प्रधान तथा कार्यकारी के सदस्य थे। श्री बसु महान सांसद थे तथा अपने प्रिय सिद्धान्तों के प्रति उन्हें अत्यंत निष्ठा थी। अपनी बातों पर जोर देने के लिए तथ्य एकत्रित करने तथा मामलों के विवरणों के अध्ययन में वह अत्यन्त परिश्रम करते थे। भाषा पर उनका भारी अधिकार था तथा वह अपने भाषणों तथा लेखों का अपने प्रिय उद्देश्यों के लिए जोरदारी से उपयोग करते थे।

साधारण संसद सदस्यों के प्रति उनकी सहानुभूति थी तथा उनका स्तर सुधारने, उन्हें सुविधाएं दिलाने के मामलों की ओर उन्होंने विशेष ध्यान दिलाया।

उनका दृष्टिकोण धर्म-निरपेक्ष था तथा वह धार्मिक सद्भाव के महान समर्थक थे। 1946 में कलकत्ता में हुए साम्प्रदायिक दंगों में उन्होंने निरन्तर कठोर परिश्रम किया तथा समुदायों में सद्भावना लाने की चेष्टा की।

राजनीति में आने से पूर्व श्री बसु का उन्नतिशील व्यवसायिक व्यक्तित्व वाले पुरुष थे। शायद यह बात भली प्रकार विदित नहीं है कि वह 'चाय' के मामले में, चाय का मूल्य निर्धारण करने में सिद्धहस्त थे।

उनकी मृत्यु द्वारा सभा ने एक निष्ठावान एवं सक्रिय सांसद खो दिया है।

श्री मुन्दर शर्मा मध्य प्रदेश के जबलपुर निर्वाचन क्षेत्र से इस सभा के विद्यमान सदस्य थे।

एक राजनीतिक एव सामाजिक कार्यकर्त्ता के रूप में उन्होंने स्वतन्त्रता संग्राम में भाग लिया।

वह एक प्रसिद्ध पत्रकार थे तथा अखिल भारतीय लघु तथा मध्यम समाचार-पत्र संघ के उप-प्रधान थे और अखिल भारतीय सम्पादक सम्मेलन की स्थायी समिति के सदस्य थे। वह जबलपुर के हिन्दी दैनिक "नवीन दुनिया" के मुख्य सम्पादक थे।

लोक सभा में आने से पूर्व वह जबलपुर नगर निगम के महापौर थे।

उन्होंने बहुत से साहित्यिक तथा सांस्कृतिक संगठनों को संरक्षण प्रदान किया।

उनका निधन 26 जनवरी, 1982 को 60 वर्ष की अवस्था में बम्बई में हुआ।

श्री मोहन लाल सुखाडिया राजस्थान के उदयपुर निर्वाचन क्षेत्र से इस सभा के विद्यमान सदस्य थे तथा उनका निधन 2 फरवरी, 1982 को 66 वर्ष की अवस्था में बीकानेर में हुआ।

वह एक अनुभवी स्वतन्त्रता सेनानी थे, अपने छात्र-काल में उनका सम्बन्ध प्रजा मण्डल के क्रिया-कलापों के साथ रहा तथा उन्होंने छात्र तथा श्रमिक आन्दोलनों का सगठन किया। उन्होंने भारत छोड़ों आन्दोलन में भाग लिया तथा जेल भी गये।

श्री सुखाड़िया 1952-71 के दौरान राजस्थान विधान सभा के सदस्य रहे। उन्होंने थोड़ी अवधि को छोड़कर 1954-71 तक राजस्थान के मुख्य मन्त्री का कार्य भार संभाला।

वह 1972-75 तक कर्नाटक के, 1976 में आन्ध्र प्रदेश के तथा 1976-77 में तमिलनाडु के राज्यपाल रहे।

राज्यस्थान के मुख्यमंत्री के रूप में श्री सुखाड़िया ने राज्य के विकास की दृढ़ नीव रखी। उन्होंने सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण के लिए विस्तृत कार्यक्रम बनाये जिसने कि धूप से तपती हुई राजस्थान की धरती को हरियाली में बदल दिया और राजस्थान अब अन्य राज्यों में अनाज भेज पाता है। उन्होंने भूमि सुधार योजनाओं को भी अपनाया। निम्न स्तर पर लोकतन्त्र के निर्माण के लिए उन्होंने पंचायती राज्य संस्थाओं की स्थापना की।

राज्य में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने विद्युतीकरण कार्यक्रम को बढ़ावा दिया तथा संचार साधनों के विकास विशेषत: सड़क परिवहन को प्राथमिकता दी।

श्री सुखाड़िया ने वास्तविक रूप से राजस्थान राज्य के विकास की नींव रखी।

इस सभा में हमें बहुत से महत्वपूर्व एवं गम्भीर मामलों पर उनके भाषण सुनने का अवसर मिला। उनका स्वभाव संतुलित था। उनकी वाणी प्रभावशाली थी तथा वह तथ्यों को अद्‌भुत शान्ति पूर्वक रखते थे।

उनकी मृत्यु के कारण राष्ट्र ने एक निष्ठावान देश भक्त, एक गतिशील प्रशासक तथा प्रसिद्ध सांसद खो दिया है।

श्री सुमत प्रसाद उत्तर प्रदेश के मुजफफरनगर निर्वाचित क्षेत्र से 1957-67 के दौरान दूसरी तथा तीसरी लोक सभा के सदस्य थे। उससे पूर्व 1946-52 तक वह उत्तर प्रदेश विधान परिषद के तथा 1952-57 तक राज्य सभा के सदस्य थे।

एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्त्ता के रूप में उनका जिले की बहुत सी सामाजिक तथा शैक्षिक संस्थाओं से संबन्ध था। वह 1923-26 के दौरान मुजफफरनगर म्युनिस्पल बोर्ड के प्रधान रहें। उन्होंने स्वतंत्रा संग्राम में भाग लिया। तथा जेल भी गये।

उन्होंने ग्रामीण उत्थान तथा शिक्षा के सवर्धन कार्य में विशेष रूचि ली और जेल भी गये।

उनका निधन 23 दिसम्बर, 1981 को मुजफफरनगर में 88 वर्ष की अवस्था में हुआ।

श्री पी. काक्कन 1946-50 और 1952-57 के दौरान क्रमशः संविधान सभा के तथा पहली लोक सभा के मद्रास राज्य के मदुरै आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र से निवाचित सदस्य थे।

एक व्योवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी के रूप में उन्होंने स्वतत्रता संग्राम में भाग लिया तथा जेल भी गये।

एक प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्त्ता के रूप में उन्होंने अनुसूचित जातियों पिछड़े वर्गों, ग्राम कल्याण, खादी तथा ग्रामोद्योग तथा प्रौड शिक्षा के लिए कार्य किया।

उनका निधन 23 दिसम्बर 1981 को मद्रास में 72 वर्ष की अवस्था में हुआ।

श्री एस. सी. बेसरा 1962-77 के दौरान तीसरी, चौथी तथा पांचवी लोक सभा के बिहार के डुमका (आरक्षित) निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित्त सदस्य थे।

एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्त्ता के रूप में उन्होंने अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए कार्य किया तथा अस्पृश्यता के विरूद्ध संघर्ष किया। हरिजनों तथा आदिवासियों के मन्दिर प्रवेश के अधिकार दिलाने के लिए भी उन्होंने कार्य किया। उन्होंने मैथान बाँधू से व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए भी कार्य किया।

शिक्षा श्रमिक-कल्याण तथा अविकसित समुदायों में उन्होने विशेष रूचि ली।

उनका निधन 59 वर्ष की अवस्था में बिहार के संथाल परगना जिले के काशीतारण ग्राम में 15 जनवरी 1982 को हुआ।

श्री जय सुखलाल हाथी संविधान सभा के, अन्तरिम संसद तथा दूसरी लोक सभा के सदस्य थे। 1952-57 और 1962-74 के दोरान वह राज्य सभा के सदस्य रहे।

एक कुशल प्रशासक के रूप में उन्होने भारत सरकार में बहुत से प्रतिष्ठित पदों को

संभाला। 1952 में वह सिंचाई और ऊर्जा मंत्रालय में उप-मंत्री नियुक्त हुए, 1967 में वे श्रम तथा पुनर्वास मंत्री के रूप में मंत्रिमंडलीय स्तर के मंत्री बने, जो भार कि उन्होंने 1969 तक संभाला जिन अन्य विभागों को उन्होंने संभाला उनमें पूर्ति तथा तकनीकी विकास गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री, रक्षा पूर्ति मंत्री तथा रक्षा मंत्रालये में राज्य मंत्री के पद सम्मिलित थे।

1967-69 के दौरान वह राज्य सभा में सभा के नेता थे। वह पंजाब और हरियाणा के राज्यपाल भी रहे।

एक सक्रिय सांसद के रूप में उन्होंने संसदीय कार्यवाही में विशेष रूचि ली। उनका कई सांस्कृतिक संगठनों, जिनमें भारतीय विद्या भवन और सार्वजनिक कार्यों तथा प्रशासन पर राजाजी अंतर्राष्ट्रीय संस्थान, भी सम्मिलित हैं।

उनका निधन 73 वर्ष की अवस्था में 2 फरवरी, 1982 को बम्बई में हुआ।

इन मित्रों के निधन पर हम गम्भीर शोक व्यक्त करते हैं।

**प्रधान मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी)** : अध्यक्ष महोदय, इस अन्तरसत्रावधि में काल के क्रूर हाथों ने हमारे कई सम्मानित साथियों को हमसे छीन लिया है।

श्री मोहन लाल सुखाड़िया एक बहुत ही सम्मानित राष्ट्रीय नेता थे। वह अपनी योग्यता निष्टा एवं अनुभव के लिए प्रसिद्ध थे। वे स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा थे। स्वाधीनता के पश्चात् उन्होंने कई उच्च पदों को सुशोभित किया और एक श्रेष्ठ प्रशासक सिद्ध हुए। उन्हें आधुनिक राजस्थान का निर्माता माता जाता है। राज्यपाल के रूप में उन्हाने बहुत से अन्य राज्यों को भी मार्गदर्शन दिया। उनके निधन से न केवल हमारी पार्टी अपितु पूरी सभा तथा समूचे राष्ट्र की क्षति हुई है।

एक और वयोवृद्ध नेता श्री जयसुखलाल हाथी थे। वह कई वर्षों तक सरकारी पक्ष में रहे और अपनी कुशलता का परिचय दिया। वह स्वभाव से ईमानदार और स्थिर चित्त व्यक्ति थे। उन्होंने राज्य में तथा केन्द्र में बहुत से दायित्व निभाये। श्री हाथी हमेशा विवाद से अलग रहते थे।

दूसरी ओर श्री ज्योतिमय बसु थे जो विवाद प्रिय थे, पसन्द करते थे। वह सबसे अधिक श्रमशील संसद सदस्य थे। वह दृढ़ प्रवृत्ति के व्यक्ति थे तथा बल पूर्वक अपनी बात कहते थे।

श्री सुन्दर शर्मा एक वरिष्ट समाजिक कार्यकर्त्ता, पत्रकार थे तथा उन्होंने मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व किया।

श्री पी. काक्कन इस सभा के सदस्य के अलावा तमिलनाडु के मंत्री भी रहे।

श्री सुमन प्रसाद और श्री एस. सी. वेसरा ने इस सभा की निष्ठापूर्वक सेवा की महोदय, आपने जो सम्वेदनाएं व्यक्त की हैं उसमें मैं भी आपके साथ हूं और मैं आपसे निवेदन करती हूं कि दिवंगत साथियों के परिवारों तक मेरी शोक भावनायें पहुंचायें,।

**श्री ई. बालानन्दन (मुकुन्दपुरम)** : मैं भी दिवंगत नेताओं के प्रति आप के द्वारा तथा प्रधान मंत्री द्वारा व्यक्ति की गई भावनाओं से सहमत हूं वे श्रेष्ठ व्यक्ति थे और उन्होंने इस मध्य सभा में सेवा की थी। आप उन महत्पूर्ण कार्यों का जिक्र कर ही चुके हैं, जो उन्होंने किए।

मैं श्री ज्योतिमय बसु के बारे में कुछ बातें कहना चाहूंगा, जो विपक्ष के एक ऐसे सदस्य

थे, जो उन प्रश्नों को जोरदार ढंग से इस सभा में रखते थे जो वे उठाना चाहते थे। प्रजातंत्र में विपक्ष को एक प्रभाव शाली भूमिका निभानी चाहिए और श्री ज्योतिमय बसु का नाम निस्संदेह उस भूमिका को निभाने के लिए याद रखा जायेगा। एक अच्छी नौकरी छोड़कर वह राजनीति में आये और वे जीवन पर भ्रष्टाचार से दूर ही रहे। वह भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ने वाले योद्धा थे। उस बात को कोई नहीं भूल सकता। जैसे कि आप यहां कह चुके हैं, वह समितियों के विशेषकर सरकारी उपक्रमों सम्बन्धी समिति तथा लोक लेखा समिति के कई पदों पर रहे। समिति में किए गए उनके कामों को हमेशा याद रखा जाएगा और ये काम हर अन्य सदस्यों के लिये आर्दश बने रहेंगे।

श्री ज्योतिमय बसु शून्यकाल में एक उत्तम स्थिति में होते थे। उस शून्यकाल में उन्हें देखना बहुत अच्छा लगत था। मैं अनुभव करता हूं कि संसद के शून्यकाल में हमें उनकी गैर हाजरी खटकती रहेगी। सभा शून्यकाल में उस सक्रिय व्यक्ति से वंचित हो गयी है।

मैं अधिक कुछ नहीं कहना चाहता। मैं केवल इतना ही कहूंगा कि उन्हें अपनी राजनैतिक विचारधाराओं के लिए आपत्तकलीन स्थिति के दौरान जेल की सजा भोगनी पड़ी। फिर भी वह आगे बने रहे वह देश के लोगों विशेषकर देश के पददलिन लोगों के कल्याणंथ एक सक्रिय कार्यकर्ता थे। मेरे दल ने तथा स्वयं मैंने एक अच्छा नेता तथा साथी खोया है। अन्य दिगवंत नेता श्री मोहन लाल सुखाड़िया का भी जिक्र किया गया है। आपका उनसे मतभेद हो सकता था लेकिन इस सभा में उनका कार्य बहुत सशक्त तथा बहुत संगत होता था। वह सभा के सर्वोत्तम सांस्दयों में से एक थे।

मैं इस सभा में दिवगत नेताओं के प्रति व्यक्त की गई भावनाओं से सहमत हूं और मैं तथा मेरा दल उनके शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनायें प्रकट करते हैं।

**श्री सी. टी. दंडपाणि** (पोल्लाची) : मैं आप तथा माननीय प्रधान मंत्री द्वारा व्यक्त भावनाओं से सहमत हूं और मैं भी सभा के दिवगत सदस्यों के परिवारों के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदनायें प्रकट करता हूं।

कुछ वर्तमान सदस्य अब हमारे बीच नहीं रहे हैं। उनका निधन सभा तथा उनके दल के लिये बहुत बड़ी हानि है।

श्री ज्योतिमय बसु मजदूर संघों के समर्थक थे। वह मजदूर संघों के हितों के बारे में आवाज बुलंद करते थे। सभा से बाहर वह एक अच्छे आदमी थे। श्री ज्योतिमय बसु एक सक्रिय कार्यकर्ता थे। यह संयोग की बात है कि उनका निधन उस समय जब वह अपने काम में व्यस्थ थे और जब वह अपने कर्त्तव्यों तथा जिम्मेदारियों को निभा रहे थे। वह अपने जीवन के आखिरी दिन तक कर्तव्यनिष्ट रहे और अपनी पूरी योग्यता के साथ करते रहे।

एक अन्य महत्वपूर्ण माननीय सदस्य, जिनका निधन हुआ, श्री मोहनलाल सुखाड़िया थे जो एक बार तमिलनाडु के राज्यपाल भी रहे थे, वह एक सक्रिय प्रशासक थे। निस्संदेह आरम्भ में एक इन्जीनियर थे और बाद में वह सक्रिय प्रशासक बन गये। वह आधुनिक राजस्थान के निर्माता थे।

श्री सुखाड़िया ने इस सभा में वादविवाद के लिये महत्वपूर्ण योगदान दिया। वह हिन्दी के एक अच्छे वक्ता थे। पिछले सत्र के दौरान हमने अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष तथा कुछ अन्य बातों पर उनका भाषण सुना जो बहुत दिलचस्प था और उनका भाषण सुनकर बहुत प्रसन्नता होती थी। उनका निधन इस सभा तथा देश के लिये एक ऐसी बड़ी हानि है जो पूरी नहीं हो सकती।

एक अन्य सदस्य श्री सुन्दर शर्मा, जिनका निधन हुआ, एक पत्रकार थे; वह मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद तक पहुंचे। वह एक सामाजिक कार्यकर्ता थे।

श्री हाथी यहां मंत्री रहे और मुझे इसी सभा में उनके उत्तरों के सुनने का सौभाग्य मिला था।

तमिलनाडु के श्री काक्कन, एक सच्चे गांधीवादी थे; वहपूर्णतः ईमानदार थे; वह तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के प्रधान थे और हरिजन समुदाय के नेता थे।

इन सभी दिवंगत नेताओं का अपना अपना जीवन ढंग था; श्री ज्योतिमय बसु एक सैनिक थे; श्री मोहनलाल सुखाड़िया एक इन्जीनियर थे; श्री हाथी न्यायिक अधिकारी थे; श्री मुन्दर शर्मा एक पत्रकार थे और श्री काक्कन हरिजन समुदाय के नेता थे। दो अन्य सदस्यों का निधन भी हुआ है।

मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि शोक संतप्त परिवारों तक हमारी हार्दिक संवेदनायें पहुंचायें।

**श्री रशीद मसूद** (सहारनपुर) : मोहतरिम स्पीकर साहब, आज हम अपने जिन साथियों के इन्तकाल पर इजहारे ताजियत के लिये खड़े हुये हैं उनमें से कुछ तो वे लोग हैं जिनसे जातीयतौर पर मैं वाकिफ नहीं हूं और कुछ मेरे ऐसे साथी हैं जिन से मैं जातीयतौर पर वाकिफ हूं। जिनसे मैं जातीयतौर पर वाकिफ नहीं हूं उनकी खूबियात मैंने सुनीं और उनके बारे में सभी लोगों ने कहा। लेकिन दो शख्सियात ऐसी रही हैं एक बसु साहब और दूसरे सुखाड़िया साहब जिन से इस पार्लियामेंट में ताल्लुकात रहे और बसु साहब से तो पिछली पार्लियामेंट में भी ताल्लुकात रहे थे।

बसु साहब अपोजिशन के एक अच्छे लीडर थे। उनकी आज हमें बहुत सी बातें याद आती हैं खास तौर पर उस वक्त याद आती है जबकि अपोजिशन के प्वाएंट आफ व्यू से टेक्टिक्स को इस्तेमाल करने की बात आती है कि किस तरीके से उसे इस्तेमाल की जानी चाहिये। वे यहां बैठा करते थे और हम भी यहां पर उनके पास बैठा करते थे। वे यहां बैठ कर हमें बतलाया करते थे कि आप ऐसा कीजिये, आप ऐसा कीजिये।

मझे आई. एण्ड बी. की कन्सलटेटिव कमेटी की बात भी याद आती है जिसमें कि हम लोग साथ साथ थे। पिछली मर्तबा हिन्दी न्यूज एजेन्सीज के एक सिलसिले को ले कर किस तरीके से उन्होंने स्ट्रेजी बनायी थी और हमें उस मामले पर फाईट करने के लिये कहा था। हमने उस कन्सलटेटिव कमेटी की मीटिंग से वाक आऊट किया था और उसके बाद हमने देखा कि उसका एक बहुत अच्छा असर पड़ा था।

हम लोग जो नये मेम्बर हैं, जूनियर लोग हैं इस पार्लियामेंट में, उनके ताल्लुकात पुराने मेम्बरों से अच्छे रहे हैं। सुखाड़िया जी के बारे में मुझे याद आता है। कि पिछले सेसन में सुखाड़िया जी ने अपनी तकरीर में हमारे लीडरों पर कुछ तनकीद की। उसके बाद मैंने भी तनकीद की। लेकिन जब हम हाउस से बाहर निकल कर लाबी में गए तो उधर से सुखाड़िया जी आ रहे थे, इधर से मैं जा रहा था, उस वक्त मैंने सुखाड़िया जी से कहा कि आप उम्र में मुझ से बहुत बड़े हैं लेकिन इत्तिफाक की बात है कि हम दोनों वकील हैं और दोनों को अपनी-अपनी बात पार्लियामेंट में रखनी पड़ती है। इस पर उन्होंने मोहब्बत और बड़प्पन के साथ मुझ से कहा कि रशीद अभी तो तुम नौजवान हो, ऐसे बहुत से मामलात होते रहते हैं जिन्हें हमें ऐसे ही छोड़ देना चाहिए। यह उनके बड़प्पन का इजहार है।

मैं स्पीकर साहब, आपके जरिए से अपनी तरफ से अपनी पार्टी की तरफ से उन मरहूमीन के अजीजों से ताजियत का इजहार करता हूं।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** (नई दिल्ली) : अध्यक्ष महोदय, जब हम नये सत्र में एकत्र हुये हैं तो हमारे कुछ पुराने साथी हमारे बीच में नहीं हैं श्री ज्योतिमय बसु नहीं हैं, सुखाड़या जी नहीं हैं और श्री मुन्दर शर्मा भी अब हमें देखने को नहीं मिलेंगे। आप उनकी सीटें भर देंगे, उपचुनावों में रिक्त निर्वाचन क्षेत्रों से भी प्रतिनिधि आ जाएंगे। लेकिन कुछ लोगों के जाने से ऐसा स्थान खाली हो जाता है जो शायद कभी भरा नहीं जा सकता। स्थान भरने की प्रक्रिया तो चलती रहेगी। शायद संसार का यही क्रम है, जीवन का यही नियम है, लेकिन कुछ व्यक्तित्व अपनी अमिट छाप छोड़ जाते हैं। श्री ज्योतिमय बसु हमें बार-बार याद आएंगे। जैसा राज्य सभा में श्री भूपेश गुप्त के निधन से उनकी कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकता, ज्योतिमय बसु का व्यक्तित्व भी संसद की एक विशेषता में शामिल हो गया था। ऊपर से कठोर, क्रुद्ध दिखाई देने वाले ज्योतिमय भीतर से बहुत सहृदय थे-सरस थे। फौज से राजनीति में आये थे, लड़ना उनके स्वभाव में था झुंझार थे, एंटी एयर क्राफ्ट बटालियन में काम करत थे, शिकारी थ। एक एक वार निशाना तय कर लेते थे तो फिर उस निशाने को वेधने की पूरी कोशिश करते थे। कभी-कभी ऐसा लगता था कि वे सीमा लांघ कर जा रहे हैं, लेकिन ऐसा भी दिखाई देता था, अध्यक्ष महोदय कि थोड़ी सीमा लाघने के बाद वे फिर सीमा में आ जाते थे। व्ययंग के साथ विनोद, तथ्य के साथ तेजी, तर्क के साथ तुर्शी एक ऐसा मिलाजुला व्यक्तित्व था जो आसानी से दिखाई नहीं देता।

पब्लिक एकाउंटस कमेटी के चेयरमैन के नाते उन्होंने अफसरों में एक तहलका मचा दिया था। अपने कर्त्तव्य को समझते थे और उसे पूरा करने की कोशिश करते थे।

पिछले सत्र में जब वे दिखाई नहीं दिये तो मैंने पश्चिम बंगाल के मित्रों से पूछा ज्योतिमय कहाँ हैं उन्होंने बताया कि बीमार हैं। फिर खबर लगी कि अच्छे हो गए हैं। पूरे सत्र में नहीं आये मगर जयपुर रेलवे कन्वेंशन कमेटी की मीटिंग में भाग लेने के लिये पहुंच गये। अध्यक्ष महोदय, मैं नहीं जानता कि कोई विधि का विधान है या नहीं, मगर बीमारी ने कलकत्ते से दिल्ली नहीं आने दिया, मगर मौत कलकत्ते से जयपुरले गई।

सुखाड़िया जी अभी-अभी लोकसभा में आये थे। मंजा-मंजाया व्यक्तित्व, तपे हुये नेता-नौजवान उनके जीवन से प्रेरणा ले सकते हैं। प्रजामंडल में जब रियासत में उत्तरदायी शासन के

लिये वे लड़ रहे थे, उन्होंने कभी नहीं सोचा होगा कि साल 17 साल राजस्थान का मुख्यमन्त्री बनूंगा, राज्यपाल बनूंगा या संसद में जाऊंगा, मगर देश को स्वाधीन करने की प्रेरणा उन्हें जवानी में मैदान में खींच लाई थी। परिश्रम से आगे बढ़े।

श्री मुन्दर शर्मा संसद में अधिक सक्रिय नहीं थे, उनकी गतिविधियां बाहर ज्यादा थीं, लेकिन अच्छे मित्रों में से थे।

श्री जय सुखलाल हाथी के निधन से एक बड़ा सौम्य व्यक्तित्व हम लोगों में से चला गया। जिन लोगों को "अजात शत्रु" कहा जाता है, उनकी श्रेणी में जय सुखलाल हाथी को हम रख सकते हैं।

और भी हमारे साथी हम से विलग हुये हैं। अपने और अपने दल की ओर से उनकी स्मृति में मैं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मुझ से पहले जो भावनाएं व्यक्त की गई हैं उनके साथ भी मैं अपने को सम्बद्ध करता हूं।

**प्रो. मधु दण्डवते** (राजापुर) : मुझे पांचवी, छठी तथा सातवीं लोकसभा के दौरान श्री ज्योतिमय बसु के साथ रहने का अवसर मिला है। इस ओर से न तो हम और उस ओर से न ही अध्यक्षपीठ इस बात पर विश्वास करेंगे कि अब 12 बजे हम श्री ज्योतिमय बसु की आवाज नहीं सुनेंगे। वह सचमुच इस लोक सभा के एक ओजस्वी वक्ता थे। छठी लोक सभा सचमुच एक सांसद के नाते उनके गौरव तथा उपलब्धियों की पराकाष्ठा थी। मैंने कहा कि वह इस लोक सभा के ओजस्वी वक्ता थे। अपना योगदान करने तथा हर प्रकार के अन्याय के प्रति इस सभा का रोष व्यक्त करने के लिए वह सदा खड़े होते थे। लोक सभा के पिछले सत्र के आखिरी दिन वह केवल एक ही बार इस सभा में आये थे। मैंने उनसे कहा, 'ज्योति' आपका स्वास्थ्य कैसा है। उनका उत्तर था 'मैं इसी अर्थ में जिन्दा हूं कि मैं मरा नहीं, श्री बसु के उस उत्तर से मुझे संकेत मिला कि वह सचमुच इस बात को अनुभव कर रहे थे कि वह मृत्यु की ओर बढ़ रहे हैं और अन्ततः मौत के क्रूर हाथों ने उन्हें उठा लिया। जब मौत के क्रूर हाथों ने उन्हें हमारे बीच से उठा लिया है तो हम विपक्ष के लोग अनुभव करेंगे कि हमारा एक बाजू कट गया है और हमारे लिये यह एक विकलांग वर्ष होगा। मैं लगातार पिछली तीन लोक सभाओं से श्री ज्योतिमय बसु को इस सभा में गर्जते हुऐ, आंकड़े देते हुये और अकाट्य तर्क देते हुये देखता आया हू लेकिन साथ साथ उनके दिल में किसी के प्रति कोई व्यक्तिगत द्वेष नहीं होता था। जब वह तथ्यों तथा आंकड़ों को सामने रखते थे और इस सभा में गर्जते थे तो हम विपक्ष के लोग उनके कार्य की सराहना करते थे और सत्तारूढ़ दल चकित रहता था। मैं उन दिनों की याद करता हूं जब जनता सरकार गिरी थी, मुझे ज्योतिमय बसु के शब्द याद हैं—उन्होंने अपने मित्रों तथा आलोचकों को कहा कि "आप जनता सरकार को गिराने के लिये एकत्र हो सकते हैं लेकिन आप लोगों में से कोई भी सत्ता में नहीं आयेगा। केवल श्रीमती गांधी ही सत्ता में आयेगी। उनकी भविष्यवाणी ठीक सिद्ध हुई और श्रीमती गाँधी सत्ता में आगयीं। श्री ज्योतिमय बसु की भविष्य-वाणी वैसी थी। आपातकालीन स्थिति के दौरान जेल में उनका स्वास्थ्य खराब हुआ। हम सब जेल गये थे। हम जानते हैं कि जेल से किसी को आजादी की आकांक्षा नष्ट नहीं होती इससे हमेशा आजादी की आकांक्षा मजबूत होती है, ज्योतिमय बसु के साथ ऐसा ही हुआ। उनकी आकांक्षा कभी कमजोर नहीं हुई, जिसका सबूत इस सभा में मिलता था, ज्योतिमय बसु का

योगदान ऐसा था। हमें उनकी बहुत याद आयेगी। उनकी याद समूची सभा को आयेगी। जिनकी वे आलोचना करते थे वे लोग भी सत्र समाप्त होने के बाद, हमेशा उनके चमत्कारी संसदीय कार्यों की सराहना करते थे।

अनेक अवसरों पर, जब अनेक संवैधानिक तथा प्रक्रिया सम्बन्धी प्रश्न उठते थे तो वह हमेशा अध्यक्षपीठ की सहायता के लिये आकर आपको कहते थे कि वास्तव में समाधान क्या है। इस प्रकार का उत्तम साँसद और योद्धा अब हमारे बीच नहीं है।

आज सुखाड़िया जी भी हमारे बीच नहीं हैं। प्रशासनिक प्रतिभा के अतिरिक्त, वह सभा की चर्चा में अकाट्य तर्क भी लाते थे। अनेक अवसरों पर, जब हमने उस ओर से एक शांत और सुनियोजित ढंग से कोई चर्चा शुरू की तो केवल सुखाड़िया जी ही अपने स्थान से उठकर खराब परिस्थितियों में भी अकाट्य तर्क देते थे और एक कठिन से कठिन मामले को बनाने की कोशीश करते थे। उनके तर्क अकाट्य होते थे। वे व्यग्य भी करते थे, मैं केवल एक ही उदाहरण देता हूं। जब इस सभा में विशेष वाहक बंधपत्र विधेयक पर चर्चा चल रही थी तो सत्तारूढ़ दल के सदस्य होने के नाते उन्होंने कहा था कि वह इस कदम का स्वागत करते हैं। लेकिन साथ साथ उन्होंने अपनी शंका भी प्रकट की थी। उन्होंने कहा था—"मुझे केवल इतनी आशंका है कि यदि काले धन वाले लोग यह अनुभव करें कि ऐसे बांड बार-बार जारी किये जायेंगे तो उस स्थिति में नये काले धन से प्रजनन के लिये एक और नया प्रोत्साहन मिलेगा। सत्तारूढ़ दल को इस बात को ध्यान में रखना चाहिये। उन्होंने वैसा कहा था। वह एक निष्ठावान तथा कर्त्तव्यनिष्ठ कांग्रेसी थे लेकिन वह अपनी निष्ठा को चातूकारिता में कभी भी नहीं बदलते थे। उनकी विशिष्ठतायें ऐसी थीं, जब विपदा आती है तो अकेली नहीं आती। जिस दिन हनने सुखाड़िया जी की मृत्यु का समाचार सुना तो हमने यह दुखद समाचार भी सुना कि हाथी जी भी हमें छोड़कर चले गये हैं। मुझे पुनः राजाजी इण्टरनेशनल इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक अफेअर्स में उनके साथ कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ, तथा क्योंकि हाथी जी का नाम उस प्रसिद्ध फार्मेसी तथा औषधि उद्योग सम्बन्धी समिति के साथ जुड़ा था अतः इस सदन में पैट्रोलियम तथा रसायन पर होने वाले प्रत्येक वाद-विवाद में हाथी जो के नाम का सदैव उल्लेख किया जाता। परन्तु अपने जीवन के अन्त में उनकी रूचि संसदीय गतिविधियों में रही।

महोदय आपको यह जानकर खुशी होगी कि उनका अन्तिम सपना यह था कि हम संसद की कार्यवाही को अधिक सम्पन्न बनायें तथा अधिक सार्थक और समय के अनुरूप बनायें। यह एक सपना था और यहि हम सच्ची व चिरस्थायी श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहते हैं तो मैं समझता हूं कि हम यह तभी कर पायेंगे जब हम अपनी संसदीय कार्यवाही को अपने समय के संगत बनायेंगे और हाथी जी को अर्पित की गयी वह सर्वोत्तम श्रद्धांजलि होगी।

महोदय हमारे कुछ अन्य साथी भी स्वर्ग सिधार गये हैं और मैं आपके साथ, अन्य नेताओं तथा प्रधान मंत्री जी के साथ उन सबको भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं तथा मैं निवेदन करता हूं कि शोक संतप्त परिवारों को हमारी संवेदनायें पहुंचायी जाये।

**श्री नारायण चौबे** (मिदनापुर) : महोदय, आपके द्वारा तथा प्रधान मंत्री द्वारा व्यक्त की गई भावनाओं के साथ मैं अपनी तथा अपने दल की ओर से सहमति व्यक्त करता हूं। हमारे साथी श्री ज्योतिमय बस अब हमारे बीच में नहीं हैं तथा इस लोक सभा में अब उनका न रहना

हमें महसूस हो रहा है। ज्योतिमय बसु श्रमिकों के तथा विशेष कर हमारे क्षेत्र की जनता के हिमायती थे। ऐसे समय में जब कि वामपंथी एकता अंकुरित हो रही है और यह एक वास्तविकता बनने जा रही है यह वास्तव में एक दुखद घटना है कि कामरेड ज्योतिमय बसु हमारे बीच नहीं रहे।

श्री सुखाड़िया के विषय में आपने, प्रधान मंत्री ने तथा हमारे दूसरे साथियों ने जो कुछ भी कहा है मैं उसने पूर्ण रूप से सहमत हूं। हमने उनको कांग्रेस की तरफ से ऐसे मुद्दों पर वादविवाद करते हुए देखा है जिनमें हमारे अनुसार कोई सार नहीं था, परन्तु सदैव हमें यह पता चला कि वे सभा में कांग्रेस दल के पक्ष के सबसे बड़े प्रतिपादक थे।

महोदय मैं अन्य सदस्यों व साथियों के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और आपसे निवेदन करता हूं कि हमारी संवेदनायें शोक संतप्त परिवारों तक पहुंचायी जायें।

**श्री जयपाल सिंह कश्यप** (आंवला) : माननीय अध्यक्ष महोदय, अगर हम श्री ज्योतिमय बसु को लोक-सभा की, संसद् की ज्योति के रूप में कहे तो मैं समझता हूं कि यह गलत न होगा। जिस तरह संसद में सजग प्रहरी के रूप में अंतिम समय तक वह संघर्ष करते रहे, वहाँ देश के लोगों की समस्याओं को, उनके मन की आवाज को संसद तक लाने और संसद् की बात को लोगों के मन तक पहुंचाने में उन्होंने हमेशा इस तरह का काम किया, जिसके लिये संसद् हमेशा उनकी कर्जदार रहेगी और हमें उनकी याद आती रहेगी।

उनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता। जिस तरह से उन्होंने देश के बड़े मुद्दों पर संसद् और देश का ध्यान दिलाया है, आज एक ऐसे सदस्य के अपने बीच में न रहने पर हमें महान दुःख है। उन्होंने एक कुशल सांसद के रूप में जो कुछ हमें दिया है, संघर्ष की प्रेरणा दी है, प्रजातंत्र के लिये संसद् में बैठ कर विरोधी-पक्ष की तरफ से सचाई के लिये लड़ने और भ्रष्टाचार के प्रति संघर्ष करने का जो साहस उन्होंने हमको दिया है, उस साहस से अगर हम कुछ कर पाते हैं तो हम समझते हैं कि हमारी उनके प्रति सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी।

जहां तक सुखाड़िया जी की बात है, वह एक कुशल प्रशासक थे। जब भी उनसे बातचीत होती थी, वह बहुत ही निष्पक्ष रूप से बात करते थे। आज वह हमारे बीच में नहीं हैं, उनकी कमी हमको खटकती है और वह कमी पूरी नहीं हो पायेगी। उनमें भक्ति नहीं थी, न्याय और सही दर्शन पर आधारित तर्क था। भक्ति पर उनका कम विश्वास था और सही रास्ते पर, न्याय के रास्ते पर चलने पर उनका ज्यादा विश्वास था।

प्रेस की आजादी के लिये हमेशा संघर्षरत रहने वाले श्री मुन्दर शर्मा ने प्रेस जगत की स्वतंत्रता के लिए बराबर संघर्ष किया। सदन के बाहर और यहां पर जन-प्रतिनिधि के रूप में जनता की समस्याओं को ले कर वह जो संघर्ष करते रहे, वह हमेशा याद रहेगा।

एक कुशल प्रशासक, श्री जयसुख लाल हाथी, पिछड़े वर्ग के नेता, काक्कन साहब, श्री सुमत प्रसाद और बेसरा साहब, जिन्होंने हरिजनों की बराबर सेवा की, अब सदन के सदस्य नहीं थे, लेकिन उन्होंने देश के लिए और इन वर्गों के लिए जो कुछ किया है, वह सदैव सराहनीय रहेगा। सदन के इस दुख में डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट पार्टी और मैं भी शामिल हूं। हम भगवान् से यही प्रार्थना करते हैं कि हम लोग इनके कामों से हमेशा प्रेरणा लेते रहें।

**श्री के. पी. उन्नीकृष्णन्** (वडागरा) : महोदय, जिन विद्यमान तथा भूतपूर्व सदस्यों के निधन पर हम शोक व्यक्त कर रहे हैं उनके दुखद निधन से संसदीय जीवन का स्तर घट गया है।

श्री ज्योतिर्मय बसु के विषय में, उस सूनेपन का आभास, जो हम विशेषरूप से हम विपक्ष के सदस्य महसूस कर रहे हैं, अनुभव किये बिना कुछ कहना कठिन है।

उनका मस्तिष्क उन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए बेचैन रहता था जिनको वे प्राप्त करने के योग्य समझते थे, चाहे वह राष्ट्रीय एकाधिकारियों के विरुद्ध हों या अन्तर्राष्ट्रीय उत्पादक संघों के विरूद्ध या उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार के विरूद्ध या फिर श्रमिक वर्ग के प्रजातांत्रिक अधिकारों की हिमायती हो श्री ज्योतिर्मय बसु एक साँसद की अपेक्षा धर्म योद्धा अधिक थे या एक दल प्रवक्ता होने की अपेक्षा जन नेता अधिक थे।

महोदय, उस समय जब वे जयपुर के लिए रवाना हो रहे थे और मैं उनके साथ बात कर रहा था तो यह जरा भी महसूस नहीं हुआ कि यह हमारी अन्तिम बारी थी। उस दिन वह कह रहे थे कि वह ठीक हो जायेंगे यद्यपि उन्हें अपने स्वास्थ्य की सम्भावनाओं पर सन्देह हो रहा था।

उच्च स्तर पर होने वाले भ्रष्टाचार को उन्होंने बहुत ही निर्दयता के साथ बिना किसी घृणा के प्रकट किया।

महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि उन्होंने देश के लिए जो कार्य किया वह बहुत ही बड़ा था। केवल एक बार उनके घर जाने से ही यह पता चल जायेगा कि उन्होंने अपने संसदीय कार्य के लिए कितना कार्य किया है तथा वह ऐसा कार्य है जिसका अनुसरण हम छोटे सदस्यों को करना चाहिए।

उनका लोक लेखा समिति के अध्यक्ष के रूप में किया गया कार्य भी बहुत लम्बे समय तक याद किया जायेगा।

श्री मोहन लाल सुखाड़िया जागीरदारी विरोधी संघर्ष के एक महान मार्ग दर्शक थे। उन्होंने केवल राजस्थान से विभिन्न देशी राज्यों की विषम राजनैतिक प्रथाओं को एक किया बल्कि उनको समेकित भी किया और वह सही अर्थों में आधुनिक राजस्थान के निर्माता थे। वह एक बहुत ही दूरदर्शी व्यक्ति थे और उनको राष्ट्रीय संघर्ष के फलस्तरूप बनी हमारी संस्थाओं के भविष्य में बहुत अधिक रूचि थी।

श्री अटल विहारी वाजपेयी ने यह ठीक ही कहा है कि जयसुख लाल हाथी एक "अजात शत्रु" थे। उनके साथ कार्य करना एक सौभाग्य की बात थी। और मुझे याद है कि जब वे संसद में काँग्रेस दल के उपनेता थे उन्होंने युवा सदस्यों का अधिक ध्यान रखा तथा उनके अन्दर लोगों तथा उनकी समस्याओं से सुलझने के लिए बहुत अधिक योग्यता थी। उनमें अत्यधिक योग्यता थी जिसको उन्होंने हमेशा अपनी विनम्रता में छुपाए रखा। एक प्रशासक के रूप में उनका कार्य लम्बे समय तक याद किया जायेगा।

महोदय, श्री काक्कन को मुझे अपने बचपन से ही जानने का विशेष मौका मिला था। वह हमारे साथ रहा करते थे। वह स्व. श्री कामराज के विश्वसनीय अनुयायी थे। वह अपने

पूरे जीवन एक सच्चे कांग्रेसी तथा गांधीवादी थे। उन्होंने दक्षिण में तमिलनाडु के पददलित वर्ग के लिए जो सेवायें की वे लोगों को हमेशा याद रहेंगी।

महोदय मैं भी आपके साथ दूसरे विशिष्ट सदस्यों की मृत्यु पर संवेदना प्रकट करता हूं तथा आपके व प्रधान मंत्री के साथ वैसी ही भावनायें प्रकट करता हूं।

**श्री इब्राहीम सुलेमान सेट** (मंजेरी) : अध्यक्ष महोदय आपके द्वारा तथा प्रधान मन्त्री द्वारा गतात्माओं के लिए व्यक्त भावों के साथ अपनी सहमति व्यक्त करता हूं। वे महान व्यक्तित्व सम्पन्न समर्पित योद्धा, प्रतिष्ठित प्रशासक तथा योग्य सांसद थे। जहाँ तक श्री ज्योतिर्मय बसु का सम्बन्ध है, वह वास्तव में ही इस सभा के हृदय के समान थे और हमेशा एक महान कार्य के लिए लड़ा करते थे। उन्होंने हमेशा भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ाई की। सभी अन्यायों के विरूद्ध लड़ते थे। इससे भी वे अधिक अल्प संख्यकों के मित्र थे। अतः हम सब उनकी मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हैं और हम समझते हैं कि उनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता।

जहां तक सुखाड़िया जी का सम्बन्ध है, वह एक महान स्वतन्त्रता सेनानी थे तथा एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने विभिन्न पदों पर देश की सेवा की। मेरे साथी श्री उन्नीकृष्णन ने ठीक ही कहा है कि वह आधुनिक राजस्थान के निर्माता थे उनके निधन से भारत माता ने एक महान बेटे को खो दिया है।

जहां तक श्री जयसुख लाल हाथी का सम्बन्ध है मेरा उनके साथ, इससे पहली लोकसभा में रहने का सौभग्य रहा है. मैंने उनको हमेशा मन और मस्तिष्क के उच्च गुणों वाला व्यक्ति तथा एक अच्छे तथा गम्भीर आचरण वाला व्यक्ति पाया। श्री सुन्दर शर्मा भी दलित वर्ग के हिमायती थे तथा जहां तक श्री पी काक्कन का सम्बन्ध है वह एक सच्चे गांधीवादी थे तथा हमेशा दलित तथा कमजोर वर्गों के लिए लड़ते रहे। महोदय मैं तो केवल यही कह सकता हूं कि जिन व्यक्तियों की मृत्यु हुई है वे सब महान व्यक्ति थे, हम उनकी मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हैं तथा मैं आपसे निवेदन करता हूं कि हमारा दुख तथा हमारी संवेदनायें शोक संतप्त परिवारों को भेजी जायें।

**श्री पीयूष तिरकी** (अलीपुरद्वार) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके और प्रधान मन्त्री के साथ शामिल हो करके जो साथी हमें छोड़ कर आज चले गए उनके प्रति श्रद्धाँजलि अर्पित करता हूं और उनमें से जो हम से कुछ निकट सम्पर्क में आए थे उनके सम्बन्ध में कुछ बोलना चाहता हूं। ज्योतिर्मय बसु जैसा उनका नाम था उसके अनुरूप ही उनके काम से उसका पूरा-पूरा ताल्लुक था। जब वह मिलट्री में थे, उस समय भी जिसजगह में थे वहाँ भी वह ज्योति ही दि... करते थे, पार्लियामेंट में भी वह ज्योति ही थे, आज उस ज्योति को इस पार्लियामेंट ने ही ... दिया है और हमें तो ऐसा कुछ महसूस हो रहा है कि हम कुछ अन्धकार में पड़े हुए हैं। उनकी जो सूझ बूझ थी उसमें सारे देश में वर्किंग क्लास की यूनिटी का जो स्वप्न था कि वर्किंग क्लास की सरकार बनेगी जिसके लिए कि वह निरन्तर चेष्टा किया करते थे, उनके न रहने से आज उसको धक्का लगा है विशेषकर वामपंथियों के लिए यह एक बहुत बड़ा धक्का है। विशेषरूप में पश्चिम बंगाल के लिए और केरल के लिए यह एक बहुत बड़ा चैलेंज है। अगर आज ज्योतिर्मय बसु होते तो इस सभा में कौन सी उनकी चाल होती और कौन सी बात वह यहां

कहते जबकि केरल में स्पीकर की गवर्नमेंट अभी चल रही है···(व्यवधान) पश्चिम बंगाल में एलेक्शन सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है ··(व्यवधान)···

**कुछ माननीय सदस्य** । कोई राजनीति नहीं···

**श्री पियूष तिरकी** : ऐसी अवस्था में ऐसी चीजें वह हम लोगों को दे सकते थे । मैं इसके लिए बहुत दुख प्रकट करता हू ।

मोहन लाल सुखाड़िया से मुझे मिलने का मौका मिला। वह बहुत स्वाभिमानी थे। उनको पश्चिम बंगाल के गवर्नर के लिए भेजा जा रहा था किन्तु अपने स्वाभिमान के कारण उन्होंने वहां जाने से इनकार किया, इसलिए कि वह समझते थे कि वह अपनी जगह में ही रह कर इस संसद की ज्यादा से ज्यादा सेवा कर सकेंगे। मैं अपनी ओर से और अपनी पार्टी की ओर से आप से अनुरोध करता हूं कि हमारी सम्वेदना उनके परिवारों तक पहुंचाने की कृपा करें।

**श्री चित्त बसु** (बारसाट) महोदय, मैं आपके द्वारा प्रधान मन्त्री द्वारा तथा दूसरे साथियों द्वारा श्री ज्योतिमय बसु, श्री मोहनलाल सुखाड़िया श्री जयसुख लाल हाथी तथा अन्य महान व्यक्तियों के निधन पर व्यक्त की गई गहन दुख की भावनाओं में शामिल होता हूं।

महोदय, जहां तक श्री ज्योतिर्मय बसु का सम्बन्ध है जो उच्च गुण उन्होंने इस सभा में प्रदर्शित किये हैं आप सभी उसके साक्षी हैं। वह एक दर्लभ गुणों वाले उच्चकोटि के सांसद थे। वह केवल इस सभा के नियमों, प्रक्रियाओं तथा प्रथाओं की ही अच्छी जानकारी नहीं रखते थे बल्कि उनका दृष्टिकोण भी विस्तृत था तथा उन्होंने नौकरशाही तथा प्राधिकारियों के कुकृत्यों को उघाड़ने के प्रत्येक अवसर का लाभ उठाया तथा देश की जनता के अधिकारों की हिमायत के लिये संघर्ष किया। वह इस सभा के सदस्यों के अधिकारों व विशेष अधिकारों के प्रहरी थे। साथ ही साथ हमें यह भी याद रखना चाहिये कि श्री ज्योतिमय बसु ने प्रशासन के विभिन्न क्षेत्रों में फैले भ्रष्टाचार के कुकृत्यों को उघाड़ते समय किसी के प्रति व्यक्तिगत घृणा या दुश्मनी नहीं रखे थे। उन्होंने जो भी किया वह लोगों तथा संसद के प्रति गहरी जिम्मेदारी की भावना से किया वह संसद के इतिहास में एक सबसे अधिक कठिन परिश्रमी सांसद रहेंगे। मैं इतना कह सकता हूं कि वह सभा के सभी वर्गों से सम्बन्धित सदस्यों के लिए यदि वे सदन में अपनी जिम्मेदारियों को उचित तरीके से निबाहना चाहते हैं अनुकरणीय रहेंगे। आम धारणा यह है कि वह सदन में ही कुशल वक्ता थे अथवा केवल मात्र कुशल संसदविज्ञ थे, परन्तु बात ऐसी नहीं है । उनमें एक संसदविज्ञ के ही गुण नहीं थे अपितु वह देश के लाखों श्रमिकों की रक्षा के काम में भी सक्रिय थे। वह अनेकों श्रमिक संघों के संगठनकर्त्ता थे। उन्होंने हमारे देश में लोकतंत्र और समाज वाद की रक्षार्थ अपने जीवन में अनेक संघर्ष किये। वह किसानों के हितों के महान चैम्पियन थे और जैसा कि आप जानते ही होंगे, उन्होंने स्वयं अपने चुनाव क्षेत्र के विकास कार्य में उल्लेखनीय ढग से रूचि ली थी।

प्रत्येक संसद सदस्य का न केवल सदन की सेवा करने का उत्तरदायित्व होता है, परन्तु अपने चुनाव क्षेत्र की सेवा करने का भी उसका उत्तरदायित्व होता हैं श्री ज्योतिमय बसु ने इस क्षेत्र में भी महान कार्य किया।

ज्योतिर्मय बसु की अनुपस्थिति ने एक रिक्ति उत्पन्न कर दी है—एक ऐसी रिक्ति जो न केवल सदन में पैदा हुई है अपितु इससे तो वामपंथी और लोक तांत्रिक शक्तियों में भी शून्यता उत्पन्न हो गई है और इस रिक्ति की भविष्य में पूर्ति असम्भव है। हमें आशा करनी चाहिये कि हममें से ही कुछ लोग उनके ध्येय की पूर्ति का उत्तरदायित्व उठायेंगे जो कि एक असम्भव कार्य ही है।

अन्य महानुभावों के बारे में विशेषकर श्री मोहन लाल सुखाड़िया और श्री जयसुख लाल हाथी के बारे में बहुत कुछ कहा गया है। वे महान देश भक्त थे और कुशल प्रशासक भी थे। और हमारे देश को समृद्ध बन ने में उनका योगदान रहा है।

इन शब्दों के साथ, मैं शोक-सन्तप्त परिवारों को इस सभा की ओर से गहन दुःखानुभूति और शोक सम्वेदना प्रेषित करने में आपके और अन्य सदस्यों के साथ हूं। मुझे आशा है कि आप ऐसा करेंगे।

**डा. फारूक अबदुल्ला (श्रीनगर)** : महोदय, ऐसे महान नेताओं के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करने में मैं भी प्रधान मंत्री महोदय आपके तथा अन्य नेताओं के साथ हूं जब मैं राजस्थान आयुर्विज्ञान का छात्र था तो श्री मोहनलाल सुखाड़िया जी राजस्थान के मुख्य मंत्री थे और उस राज्य के निर्माण के लिए मैंने उन्हें बहुत ही कठोर परिश्रम करते हुए देखा है आज जो कुछ भी राजस्थान है वह मोहनलाल जी के कठोर परिश्रम का ही फल है। मुझे विश्वास है कि राजस्थान उन्हें सदैव याद रखेगा। न केवल राजस्थान अपित् पूरे भारत को ऐसे क्षमतावान, ऐसे कुशल प्रशासक और भारत की स्वतन्त्रता के सैनानी का अभाव खटकेगा।

श्री ज्योतर्मय बसु के निधन से युवा संसदविज्ञ होने के नाते, मैंने एक व्यक्तिगत मित्र ही खो दिया है। कई बार मुझे प्रक्रियायों का ज्ञान नहीं होता था तो मैं उनके पास जाता था और वह सदैव मार्गदर्शन के लिए तत्पर रहते थे। उनके तेज भाषणों और जो मुददे वह यहां पर उठाते थे, उन्हे सुन कर कई बार हममें से कईयों को बड़ा ही आश्चर्य होता था कि इतने भारी हृदय रोग से ग्रस्त यह व्यक्ति किस प्रकार इस देश को उस पथ पर अग्रसर रखने के लिए, जैसा कि वह चाहते थे, इतना सब कुछ करने में अभी भी समर्थ हैं।

जहां तक जनाब हाथी साहेब की बात है' मुझे उनके बारे में अधिक जानकारी नहीं है परन्तु जो कुछ मैं जानता हूं वह यह है कि वह भी भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के एक महान सेनानी रहे हैं और स्वाधीनता के पश्चात इस देश को एक महान राष्ट्र बनाने में भी सक्रिय रहे।

इन नेताओं के निधन पर गहन दुःख व्यक्त करने में मैं भी आप सभी के साथ हूं और आपके माध्यम से शोक—सन्तप्त परिवारों को शोक-संम्वेदना प्रेषित करना चाहता हूं।

**अध्यक्ष महोदय,** : मुझे विश्वास है कि शोक-सन्तप्त परिवारों को संम्वेदनाएं प्रेषित करने में सभा मेरा साथ देगी। अब सभा शोक प्रकट करने के लिए कुछ क्षणों के लिए मौन खड़ी रहेगी।

**(इसके पश्चात सदस्यगण कुछ क्षण मौन खड़े रहे)**

---

## मंत्रीयों का परिचय

**अध्यक्ष महोदय** : प्रधान मंत्री महोदया।

**प्रधान मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी)** : महोदय, अपने सहयोगियों का परचय आपसे और आपके माध्यम से सभा को कराते हुए, मुझे प्रसन्नता अनुभाव हो रहीं है।

**केबिनेट स्तर के मंत्री**

1. **श्री जन्नाथ कौलज्ञ**—विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री।

**राज्य मंत्री**

2. **श्री गार्गी शंकर मिश्र**—ऊर्जा मंत्रालय के कोयला विभाग मे राज्य मंत्री।

3. **श्री ए. ए. रहीम**—विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री।

**उप-मंत्री**

4. **श्री के. पी. सिंह देव**—रक्षा मंत्रालय में उप-मंत्री

5. **श्री धर्मवीर**— श्रम मंत्रालय में उप-मंत्री

6. **श्री शिरिधर गोमांगो**—पूर्ति और पुनर्वास मंत्रालय में उप-मंत्री

7. **श्री आरिफ मोहम्मद खां**—सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप-मंत्री

8. **श्री जनार्दन पुजारी**—वित्त मन्त्रालय में उप-मंत्री

9. **श्री कल्पनाणनाथ राय**—संसदीय कार्य विभाग में उप-मंत्री

10. **श्री एम. एस.संजीवी राव**—इलेक्ट्रानिकी विभाग में उप-मंत्री

धन्यवाद

**श्री रतन सिंह राजदा (बम्बई दक्षिण)** : महोदय, मैं आपकी अनुमति से एक बहुत ही महत्वपूर्ण मामले का उल्लेख करना चाहता हूं जिसका संसदीय कार्य प्रणाली से गहरा सम्बन्ध है।

**अध्यक्ष महोदय**, : वह क्या है ?

**श्री रतन सिंह राजदा** : मंत्री मण्डल में पुनः फेरबदल करके स्थापित परम्परा का उल्लंघन किया गया है।

**अध्यक्ष महोदय** : इसे मुझे कल देना। हम इसे देखेंगे।

**श्री रतन सिंह राजदा** : वित्त मंत्री का लोक सभा का सदस्य होना अनिवार्य है। श्री प्रणव मुखर्जी राज-सभा के सदस्य हैं। क्या आप मुझे कल इसकी अनुमतिदेगे ? तो फिर मैं इसे कल ही उठाऊंगा।

**अध्यक्ष महोदय** : यदि आपके पास कोई मुद्दा है तो हम इस पर कल विचार कर लेंगे।

**श्री रतन सिंह राजदा** : बहुत अच्छा महोदय। मैं इसे कल उठाऊंगा।

———

## सभा पटल पर रखे गये पत्र

**गांधी स्मृति समिति, नई दिल्ली की वर्ष 1980-81 की समीक्षा और वार्षिक प्रतिवेदन ।**

**संसदीय कार्य तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री भीष्म नारायण सिंह)** : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं ;

(1) गांधी स्मृति समिति, नई दिल्ली के वर्ष 1980-81 के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति तथा लेखापरीक्षित लेखे ।

(2) गांधी स्मृति समिति, नई दिल्ली के वर्ष 1980-81 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति ।

**[ग्रन्थालय में रखे गये । देखिए संख्या एल. टी. 3283/82]**

**ड्रैजिंग कारपोरेशन आफ इन्डिया लिमिटेड नई दिल्ली की वर्ष 1980-81 की समीक्षा और वार्षिक प्रतिवेदन ।**

**नौवहन और परिवहन मंत्री (श्री वीरेन्द्र पाटिल)** : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं ;

कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619 क की उपधारा (1) के अन्तर्गत निम्नलिखित पत्रों (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति :—

(1) ड्रैजिंग कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 1980-81 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा ।

(2) ड्रैजिंग कारपोरेशन आफ इण्डिया लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 1980-81 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां ।

**[ग्रन्थालय में रखे गए । देखिए सख्या एल. टी. 3282/82**

**अन्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह वन तथा बागान विकास निगम पोर्ट ब्लेयर की वर्ष 1979-80 तथा राष्ट्रीय सहकारिता प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली की वर्ष 1980-81 की समीक्षाएं और वार्षिक प्रतिवेदन ।**

**कृषि और ग्रामीण विकास तथा नागरिक पूर्ति मन्त्री (रावबीरेन्द्र सिंह)** : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ ।

(1) कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619 क की उपधारा (1) के अन्तर्गत निम्नलिखित पत्रों (हिन्दी तथा अंग्रेजी सस्करण) की एक एक प्रति :—

(एक) अन्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह वन तथा बागान विकास निगम लिमिटेड, पोर्ट ब्लेयर के वर्ष 1979-88 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा ।

दो) अन्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह वन तथा बागन विकास निगम लिमिटेड, पोर्ट ब्लेयर का वर्ष 1979-80 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां । **[ग्रन्थालय में रखे गए । देखिए संख्या एल. टी.3284/82]**

(2) (एक) राष्ट्रीय सहकारित प्रशिक्षण परिषद् नई दिल्ली के वर्ष 1980-81 के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति ।

(दो) राष्ट्रीय सहकारिता प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली के वर्ष 1980-81 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति। [ग्रन्थालय में रखे गए। देखिए संख्या एल. टी.-3285/82]

**एशियाई खेलों सम्बन्धी विशेष संगठन समिति की वर्ष 1980-81 और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली की वर्ष 1980-81 की समीक्षाए और वार्षिक प्रतिवेदन।**

**शिक्षा और संस्कृति तथा समाज कल्याण मन्त्रालयों में राज्य मन्त्री (श्रीमती शीला कौल)** : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखती हूं।

(1) (एक) एशियाई खेलों, 1982 संबंधी विशेष संगठन समिति के वर्ष 1980-81 के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति, लेखे और उन पर लेखा परीक्षा प्रतिवेदन।

(दो) एशियाई खेलों, 1982 संबंधी विशेष संगठन समिति के वर्ष 1980-81 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा (हिन्दी तथा अंग्रेजी सस्करण) की एक प्रति।
[ग्रन्थालय में रखे गए। देखिए सख्या एल. टी. 3286/82]

(2) (एक) राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के वर्ष 1980-81 के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के वर्ष 1980-81 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति। [ग्रन्थालय में रखे गए। देखिए संख्या एल. टी. 3287/82]

**भारतीय सड़क निर्माण निगम लिमिटेड, नई दिल्ली की वर्ष 1980-81 और केन्द्रीय अन्तर्देशीय जल परिवहन निगम लिमिटेड कलकत्ता की वर्ष 1980-81 की समीक्षायें और वार्षिक प्रतिवेदन**

**नौवहन और परिवहन मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री सीता राम केसरी)** : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

(1) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619क की उपधारा (1) के अन्तर्गत निम्नलिखित पत्रों (हिन्दी वथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति :—

(एक) भारतीय सड़क निर्माण निगम लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 1980-81 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) भारतीय सडक निर्माण निगम लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 1980-81 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।
[ग्रन्थालय में रखे गये। देखिए सख्या एल. टी. 3288/82]

(2) (एक) केन्द्रीय अन्तर्देशीय जल परिवहन निगम लिमिटेड, कलकत्ता के वर्ष 1980-81 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) केन्द्रीय अन्तर्देशीय जल परिवहन निगम लिमिटेड, कलकत्ता का वर्ष 1980-81 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां। [ग्रन्थालय में रखे गए। देखिए सख्या एल. टी. 3289/82]

**राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, नई दिल्ली की वर्ष 1980-81 की समीक्षा और वार्षिक प्रतिवेदन**

**कृषि और ग्रामीण विकास तथा नागरिक पूर्ति मन्त्री (राव बीरेन्द्र सिंह)** : श्री आर. वी. स्वामीनाथन की ओर से मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619क की उपधारा (1) के अन्तर्गत निम्नलिखित पत्रों (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति :—.

(एक) राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ग 1980-81 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेट, नई दिल्ली का वर्ष 1980-81 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

**[ग्रन्थालय में रखी गई। देखिए संख्या एल. टी. 3290/82]**

**केरल और असम राज्यों के सम्बन्ध में उद्घोषणायें**

**गृह मत्रालय और संसदीय कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री पी. वेंकट सुब्बैया)** : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

संविधान के अनुच्छेद 356(3) के अन्तर्गत निम्नलिखित पत्रों (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति :

(एक) संविधान के अनुच्छेद 356. के खंड (2) के अन्तर्गत जारी की गई दिनांक 28 दिसम्बर, 198। की उद्घोषणा, जिसके द्वारा केरल राज्य के सम्बन्ध में 21 अक्तूबर, 1981 को जारी की गई उद्घोषणा को रद्द किया गया है जो दिनांक 28 दिसम्बर, 1981 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा. का. नि. 675 (अ) में प्रकाशित हुई थी। **[ग्रन्थालय में रखी गई। देखिये संख्या एल. टी. 3291/82]**

(दो) संविधान के अनुच्छेद 356 के खंड (2) के अन्तर्गत जारी की गई दिनांक 13 जनवरी, 1982 की उद्घोषणा, जिसके द्वारा असम राज्य के सम्बन्ध में 30 जून, 1981 को जारी की गई उद्घोषणा को रद्द किया गया है, जो दिनांक 13 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा. का. नि. 13 (अ) में प्रकाशित हुई थी।

**[ग्रन्थालय में रखी गई। देखिये सख्या एल. टी. 3992/82]**

**दाल, खाद्य तिलहन और खाद्य तेल (संग्रह नियन्त्रण) (संशोधन) आदेश 1981**

**कृषि और नागरिक पूर्ति मंत्रालयों में उपमन्त्री (श्री मोहम्मद उस्मान आरिफ)** : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

(12) आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उपधारा (6) के अन्तर्गत दाल, खाद्य तिलहन और खाद्य तेल (संग्रह नियन्त्रण) (संशोधन) आदेश, 1981 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति, जो दिनांक 7 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का. आ. 10(अ) में प्रकाशित हुआ था।

**[ग्रन्थालय में रखी गई देखियेसंख्या एल. टी. 3293/82]**

**इन्स्टीट्यूट आफ होटल मेनेजमेंट, केटरिंग एण्ड न्यूट्रिशन, नई दिल्ली इंस्टीट्यूट आफ होटल मेनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलोजी एण्ड एप्लाइड न्यूट्रिशन बम्बई और इस्टीट्यूट आफ होटल मेनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलाजी एण्ड एप्लाइड न्यूट्रिशन, मद्रास आदि के वर्ष 1980-81 के वार्षिक प्रतिवेदन**

**कृषि तथा ग्रामीण विकास मन्त्रालयों में उप-मन्त्री (कुमारी कमला कुमारी)** : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखती हूं :

(1) इंस्टीट्यूट आफ होटल मेनेजमेंट, केटरिंग एण्ड न्यूट्रिशन, नई दिल्ली के वर्ष 1980-81 के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति तथा लेखा परीक्षित लेखे। **[ग्रन्थालय में रखा गया। देखिए संख्या एल. टी.** 3294/82]

(2) इंस्टीट्यूट आफ होटल मेनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलोजी एण्ड एप्लाइड न्यूट्रिशन बंबई के वर्ष 1980-81 के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति तथा लेखा परीक्षित लेखे। **[ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या एल. टी.** 3295/82]

(3) इंस्टीट्यूट आफ होटल मेनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलाजी एण्ड एप्लाइड न्यूट्रिशन, मद्रास के वर्ष 1980-81 के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति तथा लेखापरीक्षित लेखे। **[ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या एल. टी.** 3296/82]

(4) इंस्टीट्यूट आफ होटल मेनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलोजी एण्ड एप्लाइड न्यूट्रिशन, कलकत्ता के वर्ष 1981-82 के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति तथा लेखापरीक्षित लेखे। **[ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या एल. टी.** 3297/82]

(5) फूड क्राफ्ट, इंस्टीट्यूट, कालामस्सरी (कोचीन केरल के वर्ष 1980-81 के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति तथा लेखापरीक्षित लेखे। **[ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या एल. टी.** 3298/82]

(6) फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट, बंगलौर के वर्ष, 1900-81 के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथ अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति तथा लेखापरीक्षित लेखे। **[ग्रन्थालय में रखे गये देखिये संख्या एल. टी.** 3299/82]

(7) फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट, चण्डीगढ़ के वर्ष 1980-81 के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथ अंग्रेजी सस्करण) की एक प्रति तथा लेखापरीक्षित लेखे। **[ग्रन्थालय में रखे गये देखिए सख्या एल. टी.** 3300/82]

(8) फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट, जयपुर के वर्ष, 1980-81 के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति तथा लेखापरीक्षित लेखे। **[ग्रन्थालय में रखे गए। देखिये संख्या एल. टी.** 3301/82]

(9) फूड क्राफ्ट इन्स्टीट्यूट, भोपाल के वर्ष 1980-81 के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(10) उपरोक्त मद संख्या (13) से (21) में उल्लिखित संस्थाओं के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति। **[ग्रन्थालय में रखे गये। देखिए संख्या एल. टी.** 3302/82]

**भारतीय तार यन्त्र (पहला संशोधन) नियम, 1982**

**संचार मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री विजय एन. पाटिल)** : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

भारतीय तार यन्त्र अधिनियम, 885 की धारा 7 की उपधारा (5) के अन्तर्गत भारतीय तार यन्त्र (पहला संशोधन) नियम, 1982 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति, जो दिनांक 11 फरवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा. का. नि. 58 (ई) में प्रकाशित हुए थे तथा सा. का. नि. 67 (ई) के अन्तर्गत 16 फरवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के हिन्दी संस्करण का शुद्धि-पत्र। **[ग्रन्थालय में रखे गए देखिए संख्या एल. टी. 3303/82]**

**केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 आयकर अधिनियम, 1962 सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियम 1944 के अधीन अधिसूचनायें और दिसम्बर 1981 में जारी किए गये बाजार ऋणों का परिणाम दर्शाने वाला तथा विशेष वाहक बाण्ड 1991 की बिक्री से प्राप्त धन के बारे में विवरण**

**वित्त मन्त्रालय में उप मन्त्री (श्री जर्नादन पुजारी)** : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

( ) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 की धारा 38 की उपधारा (2) के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति :—

(एक) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (पहला संशोधन) नियम, 1981 जो दिनांक 23 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा. का. नि. 74 में प्रकाशित हुए थे।

(दो) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (दूसरा संशोधन) नियम, 1982 जो दिनांक 30 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा. का. नि. 95 में प्रकाशित हुये थे।

(तीन) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (तीसरा संशोधन) नियम, 1982 जो दिनांक 30 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा. का. नि. 99 में प्रकाशित हुए थे। **[ग्रन्थालय में रखे गए। देखिए सख्या एल टी. 3304/82]**

(2) आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 296 के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाए (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति :—

(एक) का. आ. 51 जो दिनांक 9 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत निर्धारण वर्ष 1981-82 से 1983-84 के अन्तर्गत आने वाली अवधि के लिए "ग्रेटर वैशाख लैपरेसी ट्रीटमेंट एण्ड हैल्थ एजुकेशन स्कीम, विशाखापत्तनम" को छूट देने के बारे में है।

(दो) का. आ. 52, जो दिनांक 9 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत निर्धारण वर्ष 1977-78 से 1981-82 के अन्तर्गत आने वाली अवधि के लिए "हैबिटेट इण्डिया" को छूट देने के बारे में है।

(तीन) का. आ. 53, जो दिनाँक 9 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत निर्धारण वर्ष 1976-77 से 1981-82 के अन्तर्गत आने वाली अवधि के लिए "राजस्थान पुलिस वैनेवलेंट फण्ड" को छूट देने के बारे में है।

(चार) का. आ. 54, जो दिनांक 9 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत निर्धारण वर्ष 1980-81 और 1981-82 के अन्तर्गत आने वाली अवधि के लिए "सेन्टर फार रिसर्च इन रूरल एण्ड इण्डस्ट्रियल डेवेलपमेंट चण्डीगढ़" को छूट देने के बारे में है।

(पांच) का. आ. 55, जो दिनाँक 9 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा आयकर अधिनियम 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत निर्धारण वर्ष 1975-76 से 1982-83 के अन्तर्गत आने वाली अवधि के लिए "तमिलनाडु पुलिस फैमिलीज वैलफेयर आर्गनाइजेशन" को छूट देने के बारे में है।

(छः) का. आ. 56, जो दिनांक 9 जनवरी, 1932 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत निर्धारण वर्ष 1979-80 से 1982-83 के अन्तर्गत आने वाली अवधि के लिए 'उपभोक्ता शिक्षा और अनुसंधान केन्द्र" को छूट देने के बारे में है।

(सात) का. आ. 57, जो दिनांक 9 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ तथा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत निर्धारण वर्ष 1981-82 से 1983-84 के अन्तर्गत आने वाली अवधि के लिए "हरि ओम आश्रम, नडियाड" को छूट देने के बारे में है।

(आठ) का. आ. 58, जो दिनाँक 9 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत निर्धारण वर्ष 1982-83 से 1986-87 के अन्तर्गत आने वाली अवधि के लिए राम शरण दास किशोरी लाल पूर्त न्यास' को छूट देने के बारे में है।

(नौ) का. आ. 59, को दिनांक 9 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत निर्धारण वर्ष 1980-81 से 1982-83 के अन्तर्गत आने वाली अवधि के लिए "जलियांवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक न्यास" को छूट देने के बारे में है।

(दस) का. आ. 60, जो दिनांक 9 जनवरी 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत निर्धारण वर्ष 1978-79 से 1981-82 के अन्तर्गत आने वाली अवधि के लिये "आल इंडिया फैडरेशन फार स्पोर्टस एण्ड रिहैबिलिटेशन आफ पैराप्लैजिक्स" को छूट देने के बारे में है।

(ग्यारह) का. आ. 61, जो दिनांक 9 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत निर्धारण वर्ष

1979-80 से 1981-82 के अन्तर्गत आने वाली अवधि के लिए "साबरमती आश्रम प्रिजर्वेशन तथा स्मारक न्यास" को छूट देने के बारे में है।

(बारह) का. आ. 62, जो दिनांक 9 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा आयकर अधिनियम 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत निर्धारण वर्ष 1980-81 से 1982-83 के अन्तर्गत आने वाली अवधि के लिए "फैडरेशन आफ इण्डियन एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशन" को छूट देने के बारे में है।

(तेरह) का. आ. 63, जो दिनांक 9 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत निर्धारण वर्ष 1981-82 और 1982-83 के अन्तर्गत आने वाली अवधि के लिए "श्री सत्य साई सेन्ट्रल ट्रस्ट, बम्बई" को छूट देने के बारे में है।

(चौदह) का. आ. 64, जो दिनांक 9 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत निर्धारण वर्ष 1982-83 से 1984-85 के अन्तर्गत आने वाली अवधि के लिए "लाल बहादुर शास्त्री नेशनल मेमोरियल ट्रस्ट" को छूट देने के बारे में है। [ग्रन्थालयमें रखे गये। देखिए संख्या एल. टी.-3305/82]

(3) सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 159 के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक एक प्रति :—

(एक) सा. का. नि. 679 (अ), जो दिनांक 30 दिसम्बर, 1981 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन, जिसके द्वारा दिनांक 30 जनवरी, 1980 की अधिसूचना संख्या 10—सीमाशुल्क में आगे संशोधन किया गया है, जिससे अधिसूचना की वैधता को एक वर्ष की और अवधि के लिए बढ़ाया जा सके।

(दो) सा. का. नि. 681(अ), जो दिनांक 31 दिसम्बर, 1981 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन' जिसके द्वारा दिनांक 19 अप्रैल, 1980 की अधिसूचना संख्या 84—सीमाशुल्क में आगे संशोधन किया गया है, जिससे अधिसूचना की वैधता को तीन महीने की और अवधि के लिए बढ़ाया जा सके।

(तीन) सा. का. नि. 685(अ), जो दिनांक 1 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन, जो कतिपय विदेशी मुद्राओं को भारतीय मुद्रा में अथवा भारतीय मुद्रा को कतिपय विदेशी मुद्राओं में बदलने संबन्धी विनिमय दरों के बारे में है।

(चार) सा. का. नि. 11(अ) और 12 (अ), जो दिनांक 13 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन, जिसके द्वारा दिनांक 4 जनवरी, 1979 की अधिसूचना संख्या 4—सीमाशुल्क और दिनांक 12 मई, 1981 की अधिसूचना संख्या 136—सीमाशुल्क को रद्द किया गया है।

(पांच) सा. का. नि. 14(अ), जो दिनांक 14 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन, जिसके द्वारा बादाम, किशमिश और

खजूरों के भारत में आयात किये जाने की दशा में दिनांक 14-11-1980 की अधिसूचना संख्या 225—सीमाशुल्क के अन्तर्गत निर्धारित किये गये टैरिफ मूल्यों में संशोधन किया गया है।

(छः) सा. का. नि. 15(अ), जो दिनांक 15 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन, जिसके द्वारा 500 मि. मी. से अधिक चौड़ाई की हाट रोल्ड जंगरोधी इस्पात कुण्डलियों को जब उनका कोल्ड रेलिंग के लिये भारत में आयात किया जाये, उन पर उद्ग्रहणीय सीमा-शुल्क को मूल्यानुसार 100 प्रतिशत से अधिक पर 15 जनवरी, 1983 तक छूट दी गई है।

(सात) सा. का. नि. 28(अ), जो दिनांक 28 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन, जो निर्यात उत्पादन के लिये अग्रिम लाइसेंसों पर बिना किसी शुल्क के आयात की जाने वाली वस्तुओं की सूची में और वस्तुओं को शामिल करने के बारे में है। [**ग्रन्थालय में रखे गये। देखिए संख्या एल. टी.-3506/82**]

(4) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियम, 1944 के अन्तर्गत जारी की गई निम्नलिखित अधिसूचनाओं (हिन्दी तथा अंग्रेजी सस्करण) की एक-एक प्रति :—

(एक) सा. का. नि. 673(अ), जो दिनांक 24 दिसम्बर, 1981 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन, जिसके द्वारा दिनांक 16 मार्च, 1976 की अधिसूचना संख्या 68/76-सी. ई. और 69/76-सी. ई. में और संशोधन किये गये हैं।

(दो) सा. का. नि. 1151, जो दिनांक 26 दिसम्बर, 1981 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन, जो तरबूज के तेल, साल तेल और महुआ के तेल पर उत्पादन-शुल्क से छूट के बारे में है।

(तीन) सा. का. नि. 1152, जो दिनांक 26 दिसम्बर, 1981 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन, जिसके द्वारा दिनांक 1 मार्च, 1975 की अधिसूचना संख्या 24/75-सी- ई. में और संशोधन किये गये हैं।

(चार) सा. का. नि. 1153, जो दिनांक 26 दिसम्बर, 1981 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन, जो सैलूलाज एसीटेट मोल्डिंग ग्रेनुल्स को उस पर उदग्रहणीय मूल उत्पाद शुल्क के उतने भाग से छूट देने, जो मूल्यानुसार 10 प्रतिशत से अधिक हो, के बारे में है।

(पांच) सा. का. नि. 678(अ), जो दिनांक 30 दिसम्बर, 1981 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन जो पूरी तरह से कांच फाइबर से बने हुए धागे पर छूट के बारे में है।

(छः) सा. का. नि. 680(अ), जो दिनांक 31 दिसम्बर, 1981 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुये थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन जिसके द्वारा अमोनिया के विनिर्माण में इस्तेमाल के लिये आशयित कच्चे नेफथा को दिनांक 12 सितम्बर, 1977 की

अधिसूचना संख्या 291/77-के. उ. शु. के अन्तर्गत दी गई रियायत की अवधि एक और वर्ष के लिये बढ़ाई गयी है।

(सात) सा. का. नि. 682(अ), जो दिनांक 31 दिसम्बर, 1981 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन जो शिशुओं, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और इस्तनपान कराने वाली माताओं को मुफ्त बांटे जाने वाले "तैयार खाद्य पदार्थों पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क से छूट देने के बारे में है।

(आठ) सा. का. नि. 46, जो दिनांक 16 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन जिसके द्वारा इन्डोसल्फेन (तकनीकी) के निर्माण में प्रयुक्त बेंजीन और टालएन पर छूट देने के लिए दिनांक 1 मार्च, 1973 की अधिसूचना संख्या 34/73-सी. ई. में और संशोधन किया गया है।

(नौ) सा. का. नि. 9(अ), जो दिनांक 11 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन, जिसके द्वारा दिनांक 13 मई, 1980 की अधिसूचना संख्या 53/80-सी. ई. 54/80-सी. ई. और 55/80-सी. ई. में और संशोधन किये गये हैं।

(दस) सा. का. नि. 29(अ), जो दिनांक 28 जनवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन जो डिब्रूगढ़ जिले में पैदा की गई चाय पर उत्पादन-शुल्क की दरों के बारे में है।

(ग्यारह) सा. का. नि. 39(अ) और 41(अ), जो दिनांक 3 फरवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन जिसके द्वारा दिनांक 1 अप्रैल, 1961 की अधिसूचना संख्या 55/61-सी. ई. दिनांक 24 जुलाई, 1972 की अधिसूचना संख्या 172/72-सी. ई. में और संशोधन किया गया है और दिनांक 1 अप्रैल, 1965 की अधिसूचना संख्या 59/65-सी. ई. को मंसूख किया गया है ताकि अवशिष्ट धागे (हार्ड वेस्ट) और कपास पर छूट दी जा सके।

(बारह) सा. का. नि. 43(अ), जो दिनांक 4 फरवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे और एक व्याख्यात्मक ज्ञापन, जो पोलीयस्टर धागे पर उत्पादक-शुल्क की अदायगी से छूट के बारे में है।

(तेरह) सा. का. नि. 53 (अ), जो दिनांक 8 फरवरी, 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन, जिसके द्वारा 24 जुलाई, 1972 की अधिसूचना संख्या 179/72-सी.ई. में और संशोधन किया गया है।

(चौदह) सा. का. नि. 2(अ) और 3(अ), जो दिनांक 1 जनवरी. 1982 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन, जो लघु निर्माताओं द्वारा बनायी जाने वाली माचिसों और खादी ग्रामोद्योग आयोग द्वारा विभागीय रूप से चलायी जाने वाली फैक्टरियों में बनायी जाने वाली माचिसों पर उत्पाद-शुल्क में रियायत देने के बारे में है। [**ग्रन्थालय में रखे गये। देखिए संख्या एल. टी. 3-07/82**]

(5) एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण), जिसमें दिसम्बर, 1981 में जारी किये

गये बाजार ऋणों के परिणाम तथा विशेष वाहक बॉंड, 1981 में बिक्री से हुई वसूली दी गई है। [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिए संख्या एल. टी. 3308/82]

(व्यवधान)

**एक माननीय सदस्य :** अध्यक्ष महोदय मेरा एक प्वाइन्ट आफ आर्डर है।

**अध्यक्ष महोदय :** आज कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठाया जायेगा। (व्यवधान)

**श्री मनीराम बागड़ी** (हिसार) : मण्डल कमीशन की रिपोर्ट सदन में नहीं आई हैं। (व्यवधान) हमारी बात न सुनने पर हम सदन का परित्याग करते हैं।

(श्री मनीराम बागड़ी तथा कुछ अन्य माननीय सदस्य सभा से उठकर चले गये)

(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आज नहीं कल करेंगे यह बात। (व्यवधान) सभा अब कल 11 बजे म० पू० तक के लिए स्थगित होती है।

---

1. 31 म. प.

तत्पश्चात लोक सभा शुक्रवार 19 फरवरी 1982/30 माघ 1903 (शक) के 11 बजे म. पू. तक के लिए स्थगित हुई।

गुप्ता प्रिंटिंग वर्क्स,472 साईकिल मार्किट दिल्ली-6